विशेष गाड़ियों का चलाया जाना

4897. श्री प्रकाशवीर शास्त्री : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में रिहायश की कठिनाई को दूर करने के लिये सरकार का विचार निकटवर्ती स्थानों जैसे मेरठ, हापुड, पलवल, गुड़गाव, सोनीपत इत्यादि के लिए कुछ विशेष गाड़िया चलाने का है;

(ख) क्या हापुड़ से बहुत सवेरे माने वाले दैनिक यात्रियो को हो रही कठिनाइय को दृ-िट में रखते हुए उन्हे हापुड से दिल्ली-गाजियाबाद शटल चलाने के लिये कोई ज्ञापन प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो क्या इस गाड़ी को हापुड स्टेशन पर रोकने की सुविधा देने का प्रश्न भी विचाराधीन है; और

(घ) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में कब ·क निर्ण. किया जायेगा ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) दिल्ली क्षेत्र के विभिन्न खण्डो पर अतिरिक्त गाड़िया चलाने के लिए रेले जांच कर रही है और इसके लिए अतिरिक्त सुविधाओं की योजना बनायी गयी है।

(ख) जी हां।

(ग) और (घ). यातायात सम्बन्धी औचित्य की कमी के अलावा, गाजियाबाद-दिल्ली शटल को हापुड़ तक बढ़ाना परिचालन की दृष्टि से अव्यावहारिक नही है क्योंकि हापुड़ में पर्याप्त सुविधाओ का अभाव है। हापुड़ में पर्याप्त सुविधाओं की व्यवस्था करने के प्रश्न पर विचार किया गया था लेकिन फिलहाल ऐसा करने का औचित्य नही पाया गया है।

हैदराबाद के निकट रेलगाड़ी का पटरी से उतर जाना

4898. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री राम सिंह अयरवाल :

क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मार्च, 1967 में फिस प्लेटें हटाये जाने के कारण एक रेलगाड़ी ैदराबाद के निकट पटरी से उतर गई थी;

(ख) क्या सरकार ने सम्बद्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी नहीं। मार्च, 1967 में हैदराबाद के पास किसी तरह की कोई गाड़ी दुर्घटना नही हुई थी।

(ख) और (ग). सवाल नही उठता।

शाहदरा स्टेशन पर आसाम मेल को रोकना

4899. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री राम सिंह अयरवाल :

·या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि शाहदरा और गाजियाबाद के निवासियों ने रेलवे प्रशासन से कहा है कि आसाम मेल शाहदरा स्टेशन पर 4.12 म० प० और 5.45 म० प० के बीच ठहरा करे;

(ख) क्या यह भी सच है कि यहां से भारी सख्या में व्यक्ति और विद्यार्थी गाजियाबाद नौकरी करने और शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाते हैं और इस गाड़ी में हां पर न रुकने के कारण उन्हें कठिनाई होती है; और